हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 27 अप्रैल 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नीति आयोग के नवनियुक्त पूर्ण सदस्य डॉ. गोबरधन दास से मुलाकात की। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉ. दास का व्यक्तिगत जीवन बेहद प्रेरणादायक है और उनके हर संघर्ष ने समाज की सेवा करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि उनके जन स्वास्थ्य और प्रतिरक्षा विज्ञान के क्षेत्र में किए गए योगदान स्पष्ट रूप से झलकते है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका समृद्ध कार्य देश की नीति निर्माण संरचना को समृद्ध करेगी।

****

हरियाणा सरकार की ओर से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर निंदा प्रस्ताव के लिए आज बुलाए गए विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र का कांग्रेस ने बहिष्कार कर दिया। साथ ही सदन के बाहर कांग्रेस ने समानांतर सदन की कार्यवाही शुरू कर दी।

यहीं नहीं, कांग्रेस विधायकों ने सदन के बाहर शोक प्रस्ताव पढ़ने के बाद दो मिनट का मौन भी रखा। नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि जिस विषय को सदन में लाया जा रहा है, वह विधानसभा से संबंधित नहीं है। राजनीतिक विषय लेकर सरकार आ रही है। कॉंग्रेस इस निंदा प्रस्ताव के खिलाफ विधानसभा के बाहर ओर सड़कों पर उतर कर विरोध करेगी।इस पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि महिलाओं को लेकर कॉंग्रेस का जो रवैया लोकसभा में रहा है, वहीं रवैया यहां पर भी देखने को मिला है। कांग्रेस का एक भी विधायक सदन में नहीं पहुंचा है। ये बेहद ही गैर जिम्मेदाराना व्यवहार है।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज आत्मनिर्भर भारत का संकल्प एक जन-आंदोलन बन चुका है। मुख्यमंत्री कल गुरुग्राम में आयोजित विजय पर्व कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में वर्ष 2014 से देश में परिवर्तन की लहर ने हर क्षेत्र की कायापलट कर दी है। डायरेक्ट सैलिंग उद्योग ने भी पिछले कुछ वर्षों में इस क्षेत्र ने 10 गुणा वृद्धि दर्ज की है।मुख्यमंत्री ने विजय पर्व कार्यक्रम को भारत के बदलते स्वरूप, आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ते कदमों और युवाओं के आत्मविश्वास का उत्सव कह कर संबोधित किया। उन्होंने कार्यक्रम में हनुमान चालीसा वाचन का विश्व रिकॉर्ड बनाने पर खुशी जताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा उदाहरण सनातन संस्कृति की वैश्विक गूंज और एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, और हरियाणा के की कैबिनेट मंत्रियों और विधायकों ने भी शिरकत की।

****

हरियाणा विधानसभा में हरियाणा लिपिक सेवा विधेयक 2026 पेश किया जाएगा।काबिले गौर है कि मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा के कॉमन कैडर के ग्रुप-डी कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए आवश्यक नियम बनाने पर सहमति बनी थी। कॉमन कैडर के वे ग्रुप-डी कर्मचारी, जिन्होंने पांच साल से अधिक सेवा पूरी कर ली है, अब लिपिक पद पर पदोन्नति के लिए पात्र होंगे।इस मसौदा विधेयक में लिपिक के पद के लिए ग्रुप-डी से पदोन्नति का कोटा 20% से बढ़ाकर 30% करने का प्रावधान है। इसके अलावा, नियमों में 5% एक्स-ग्रेशिया पद रखना भी अनिवार्य किया गया है।

****

फरीदाबाद में हरियाणा लोक सेवा आयोग,द्वारा कल ली गई हरियाणा सिविल सेवा को प्रारम्भिक परीक्षा के दौरान जिला प्रशासन और परीक्षा प्रबंधन की सतर्कता से एक फर्जी अभ्यर्थी पकड़ा गया । क एल मेहता दयानंद पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्थित परीक्षा केंद्र पर प्रारम्भिक जांच के दौरान पकड़े गए आरोपी की पहचान विशाल कुमार के रूप में हुई है , जो बायोमेट्रिक सत्यापन के दौरान संदिग्ध पाया गया । जांच में स्पष्ट हुआ के वह किसी अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देने पहुंचा था । पड़ताल में यह भी सामने आया की असली अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र के आसपास ही मौजूद था ।

****

केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया पर वायरल उस वीडियो को फर्जी बताया है जिसमें दावा किया गया है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन शीघ्र आर्थिक लाभ का वादा करने वाले निवेश प्लेटफॉर्म का प्रचार कर रही हैं। पत्र सूचना कार्यालय के तथ्य जांच इकाई ने बताया कि वीडियो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बनाया गया है। वित्त मंत्री ने ऐसे किसी भी निवेश प्लेटफॉर्म या योजना का समर्थन नहीं किया है।

****